आज का राशिफल बुधवार 24 सितंबर, 2025

ज्यो. पं. चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

सूर्यास्त: आज सायं 06:15 बजे | चन्द्रोदय : प्रातः 08:11 बजे
सूर्योदय: आज सुबह 06:17 बजे | चंद्रयास्त: आज सायं. 07:53 बजे

मेष — **आमदनी के नए साधन स्थापित होंगे।** परिजनों के व्यवहार से नाखुश रहेंगे। वाहन मशीनरी की नई खरीद संभव है। कोर्ट कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं।

वृषभ — **व्यवसाय में मेहनत का फल मिलेगा।** नए व्यापारिक संबंध लाभकारी साबित होंगे। धन निवेश से लाभ की संभावना है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रुका हुआ उधार पैसा मिलेगा।

मिथुन — **प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करेंगे।** आय के नए संसाधन स्थापित होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरी में नए अवसर मिलेंगे। पिता से महत्त्वपूर्ण विषय पर बात करेंगे।

कर्क — **कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।** नए वस्त्र आभूषणों की प्राप्ति संभव है। धन कोष में वृद्धि होगी। न्याय पक्ष उत्तम रहेगा। लंबे समय से रुके काम होंगे पूरे।

सिंह — **नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।** निवेश करने से पूर्व सतर्क रहें। निजी जीवन में संबंधों में मधुरता आएगी। अधिकारी वर्ग सहयोगी रहेगा। कार्य की अधिकता से व्यस्त रहेंगे।

कन्या — **व्यावसायिक मेहनत अधिक होगी।** नौकरी में तबादले के योग बन रहे हैं। रुका हुआ धन मिलेगा। अध्यन में मन लगेगा और परिणाम अनुकूल मिलेंगे। वाणी पर संयम बेहद जरूरी है।

तुला — **नौकरी में मन चाहा पद मिलने से प्रसन्न रहेंगे।** वैवाहिक चर्चा सफल रहेगी। नए भवन भूमि में योग बन रहे हैं। यात्रा सुखद रहेगी पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

वृश्चिक — **बिना सोचे समझे काम न करें।** आजीविका के साधनों में वृद्धि होगी। भाइयों से विवाद बढ़ सकते हैं। न्याय पक्ष उत्तम रहेगा। आर्थिक पक्ष धीरे-धीरे मजबूत होगा।

धनु — **लंबे समय से जिस कार्य को आप करना चाहते हैं।** वह आज हो सकता है। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानी किसी योग्य व्यक्ति के मार्गदर्शन से हल होगी। परिजनों से चर्चा होगी।

मकर — **अपने आपको श्रेष्ठ साबित करने में लगे रहेंगे।** पड़ोसियों के व्यवहार से नाखुश रहेंगे। परिजनों से सहयोग मिलेगा। मांगलिक कार्य सफल रहेंगे। धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।

कुंभ — **दिन की शुरुआत में कार्य सफल रहेंगे।** पिता के साथ मिलकर किसी विशेष कार्य की रूपरेखा बनेगी। न्यायालय से जुड़े कार्य लंबित रहेंगे। धैर्य से काम लें, तनाव नहीं करें।

मीन — **आपकी कार्यशैली में बदलाव लाने होंगे।** विरोधी परास्त होंगे। जमीन जायदाद से जुड़े कार्यों में गति आएगी। यात्रा के योग बन रहे हैं। निवेश करने से पहले संबंधित जानकारी लें।

ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद् : गुलशन अग्रवाल

- शुभ वि. सं: 2082
- संवत्सर नाम: सिद्धार्थी
- शाके सम्वत: 1947
- हिजरी सम्वत: 1447
- मु.मास: रवि उस्सानी 01
- अयन: दक्षिणायण
- ऋतु: शरद
- मास : आश्विन
- पक्ष: शुक्ल

आज का दिन

बुधवार
24 सितंबर, 2025

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



आज के मुहूर्त - अनुकूल समय में नए वाहन की खरीदारी करने के लिए शुभ मुहूर्त है।

तिथि - सूर्योदय से लेकर सम्पूर्ण दिवस पर्यन्त तक जया संज्ञक तृतीया तिथि रहेगी। तृतीया तिथि में धन के स्वामी कुबेर का पूजन करने से मनुष्य निश्चित ही विपुल धनवान बन जाता है तथा क्रय-विक्रयादि व्यापारिक व्यवहार में उसे अत्यधिक लाभ होता है। धन और सम्पत्ति को ध्यान में रखने वाले कार्य और राज्य से लाभ लेने वाले होंगे। सन्तान और पिता के प्रति समर्पित होंगे।

नक्षत्र - सूर्योदय से दोप. 04.17 मि. तक मृदु मैत्र चित्रा नक्षत्र रहेगा पश्चात चर चल स्वाती नक्षत्र लगेगा। पद और शपथ ग्रहण, सरकारी कर्मियों की नियुक्ति, चुनाव प्रचार, राजनीतिक संगोष्ठी आदि कार्य चित्रा नक्षत्र में निर्विवाद किए जा सकते हैं। नए-पुराने वाहनों का क्रय-विक्रय, वाहन के उपयोग, वाहन के संचालन, वाहन से यात्रा करने या सवारी आदि के लिए स्वाती नक्षत्र शुभ माने गए हैं।

योग - सूर्योदय से रात्रि 09.03 मि. तक ऐन्द्र योग रहेगा पश्चात वैधृति योग लगेगा। ऐन्द्र योग के स्वामी पित्तरदेव माने जाते हैं जबकि वैधृति योग के स्वामी दितिदेव माने गए हैं। ऐन्द्र योग को बेहद शुभ माना गया है। इसमे किए गए किसी भी कार्य की सफलता सुनिश्चित रहती है।

सूर्योदयकालीनकरण - सूर्योदय से दोप. 05.58 मि. तक तैतिल नामक करण रहेगा पश्चात गर नामककरण लगेगा। इसके पश्चात वणिज नामक करण लगेगा।

चंद्रमा - सम्पूर्ण दिवस पर्यन्त तक चंद्रमा वायु तत्व की तुला राशि में रहेंगे।

चौघड़िया के अनुसार समय - प्रातः 06.17 मि. से 09.16 मि. तक क्रमशः लाभ व अमृत के चौघड़िया रहेंगे। प्रातः 10.46 मि. से दोप. 12.16 मि. तक शुभ का चौघड़िया रहेगा एवं दोप. 03.15 मि. से सायं: 06.15 मि. तक क्रमशः चंचल व लाभ के चौघड़िया रहेंगे।

व्रत/पर्व - नवरात्रि तृतीया तिथि। चन्द्रघण्टा देवी दर्शन। मु. रवि उस्सानी 4 माह शुरु।

दिशाशूल- उत्तर दिशा में। (आज के दिन उत्तर दिशा में यात्रा को टालना चाहिए)।

राहु काल - दोप. 12.16.18 से 01.46.03 तक राहु काल वेला रहेगी। अगर हो सके तो इस समय में शुभ कार्यों को करने से बचना चाहिए।

आज जन्म लेने वाले बच्चे : आज जन्म लिए बच्चों के नाम (रा, री, रू, रे, रो) अक्षरों पर रख सकते हैं। आज जन्मे बच्चों का जन्म चांदी के पाए में होगा। सूर्योदय से लेकर सम्पूर्ण दिवस पर्यन्त तक तुला राशि रहेगी। आज जन्म लिए बच्चे शरीर से मध्यम होंगे। सामान्यतः इनका भाग्योदय करीब 22 वर्ष की आयु में होगा। ऐसे जातक देखकर खर्च करने वाले तथा प्रेमी होंगे। स्व परिश्रम एवं बुद्धिबल से अच्छा धन जमा करेंगे। प्रायः विज्ञान विषय में रुचि रहेगी। तुला राशि में जन्मे जातक को गंभीर मनोवृत्ति से बचना चाहिए। सत्यभाषी स्वभाव की अधिकता मान सम्मान बढ़ाएगी।

पैदल जा रहे युवक को वाहन ने चपेट में लिया, मौके पर ही मौत

रतलाम. सातरुंडा से बदनावर तरफ पैदल जा रहे बदनावर के रामतापाड़ा निवासी कैलाश पिता रामचंद्र मकवाना (40) को देर रात अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। वाहन के पहिये उसके शरीर पर से निकल गया और नीचला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

बिलपांक थाना प्रभारी अय्यूब खान ने बताया सातरुंडा चौकी प्रभारी लोकेंद्रसिंह डावर को रविवार की देर रात करीब डेढ़ बजे किसी ढाबे के कर्मचारी ने सूचना दी कि सिमलावदा के यहां कोई लाश पड़ी है। मौके पर पहुंचकर शव को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। उसके पास के दस्तावेजों से उसकी पहचान हुई। परिजनों को सूचना दी। बताया जाता है कि युवक सातरुंडा से पैदल ही अपने गांव की तरफ हाईवे से जा रहा था। इसी दौरान रतलाम तरफ से आए किसी वाहन ने उसे चपेट में लिया और कुछ दूर तक घसीटता हुआ ले गया। इससे उसके कपड़े फट गए। बाद में वह पहिये के नीचे आया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार की सुबह पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे से कुछ दूर जिस वाहन ने युवक को चपेट में लिया उसकी हैडलाइट टूटकर गिर गई थी। यह हैडलाइट पुलिस ने मौके से जब्त कर ली है। टोल नाके पर रात में गुजरे वाहनों के नंबरों और हैडलाइट से ट्रैक करने का प्रयास किया जा रहा कि किसने टक्कर मारी।

कुछ ट्रेन के नामली में ठहराव की मांग

नामली @ पत्रिका. नामली के बंसीलाल मेंगरिया ने सांसद अनिता चौहान को ट्रेनों के ठहराव सहित अन्य मांग को लेकर स्मरण पत्र भेजा है। इसमें बताया रेलवे में दोहरीकरण कार्य अंतिम चरण में है। फिलहाल कुछ यात्री ट्रेनों का ठहराव नहीं है। इनकी मंजूरी दी जाए तो ग्रामीणों को लाभ होगा। फिलहाल उज्जैन-चित्तौढ़गढ़, रतलाम-उदयपुर, जयपुर-भोपाल ट्रेन का ठहराव नहीं है।

इसके अलावा ग्रामीण अंचल में बड़ी संख्या में घोड़ारोज किसानों को परेशान कर रहे है। यह उपज चट कर जाते है। खेत की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल बनाने 70 प्रतिशत अनुदान किसानों को दिया जाए। क्षेत्र में जितने अंडरब्रिज है, उनमें बिजली की कमी है, उसको बढ़ाया जाए।

दूसरे राउंड की काउंसलिंग में अभ्यास के 20 से अधिक छात्रों का एमबीबीएस में चयन

रतलाम. शास्त्री नगर में संचालित अभ्यास कॅरियर इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहराया है। संस्थान डायरेक्टर ने बताया कि मध्य प्रदेश एमबीबीएस प्रथम राउंड काउंसलिंग में 30 विद्यार्थियों ने सीट प्राप्त की थी, अब 22 सितंबर को घोषित दूसरे राउंड काउंसलिंग के परिणाम में अभ्यास के 20 से अधिक विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

जिनका चयन हुआ उनमें तनुश्री पिता श्यामलाल, नवेली, रचना पिता रमेश सैलाना, विवेक मीना पिता हरिप्रसाद रतलाम, सुमित मेहता, पिता ईश्वरलाल सिमलावदा, आयुषी खंगुड़ा, पिता मुकेश सैलाना, भव्य जैन, पिता नितिन जैन मंदसौर, दक्ष पिता राजेश कुमावत नामली, मीनाक्षी पाटीदार, पिता भगवतीलाल बोदीना, प्रदीप भाभर पिता विनोद पलास, पल्लवी पाटीदार पिता अशोक जावरा, ललीता मईडा पिता रतनलाल मेघनगर, दिव्या जाट पिता कैलाश पिपलोदा, शशीभ खराड़ी पिता भरतलाल रतलाम, रंजन निनामा, पिता बाबू पेटलावद, अर्पिता निनामा, पिता मांगीलाल सैलाना, मनीष डामोर, पिता मुंशी राणापुर, अंतिम बाला सिंघाड, रतलाम, महेश भूरिया पिता राकेश मेघनगर, संतोषी देवड़ा पिता रूसमल थांदला, रोशनी राठौर पिता मुकेश थांदला शामिल है।

शारदीय नवरात्र का दूसरा दिन

पंडाल में गरबा गीतों पर थिरकते कदम...खनकते रहे चंटिये

कालिका माता मंदिर पंडाल में गरबा करते हुए युवतियां।

अम्बे चौक पर चंटिये खेलते हुए युवा-बुजुर्ग और बच्चे।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शारदीय नवरात्र की धूम शुरू हो गई हैं। गरबा पंडालों में जय अम्बे जय जय अम्बे...ढोलिडा ढोल रे वगाड़...जैसे गरबा गीतों पर थिरकते कदमों के साथ मातृशक्ति के हाथों में खनकते चंटिये ब्रह्ममुहूर्त में अलग ही शक्ति की भक्ति की अलख जगा रहे हैं। नवरात्र के दूसरे दिन ब्रह्ममुहूर्त में मां कालिका के दरबार में भक्तों की दर्शनार्थ कतार लगती रही। शाम होते जगमग होते श्रीराम मंदिर चौराहे, अम्बे चौक जवाहर नगर, ओम मां आद्य शक्तिधाम रेलवे कॉलोनी, इंद्रलोक नगर, मुखर्जीनगर, गांधी नगर नवदुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में नन्ही बालिकाएं मंगलवार की रात गरबा करती नजर आई।

कालिका माका मंदिर पर मातारानी का हेमंत पुजारी ने आकर्षक श्रृंगार कर सुबह प्रातः काल समाजसेवी प्रमोद व्यास व संजय व्यास ने आरती की। इसके बाद गरबे की शुरुआत हुई। कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट की ओर से अतिथियों का सम्मान किया। ट्रस्ट अध्यक्ष राजाराम मोतियानी, उपाध्यक्ष मोहनलाल भट्ट, सचिव हरीशकुमार बिंदल ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से प्रतिदिन शाम को निराश्रितों को भोजन वितरित किया जा रहा हैं। नागरिकों से इस पुनीत कार्य में शामिल होने का आग्रह किया। दोनों समय मंदिर परिसर में गरबा कर माता-बहने मातारानी की आराधना कर रही हैं।

कालिका माता मंदिर पंडाल में गरबा करते हुए युवतियां।

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में माता रानी की प्रतिमा स्थापित कर आरती के बाद गरबा शुरू हुए। पांडाल में नन्ही बालिकाएं गरबा कर रही थी, अंबे चौक अलकापुरी पर तीन दिवसीय पुरुषों के चंटियों का आयोजन शुरू हुआ। गत रात 12 बजे तक आज राधा को श्याम याद आ गया...अपनी तो जैसे तैसे कट जाएगी...अरे मित ना मिला ले मन का...जैसे सदाबहार पुराने देश भक्ति फिल्मी गीतों पर चंटिया खिलाडियों ने देर रात आनन्द उठाया। अंबे चौक नवदुर्गा उत्सव समिति की ओर से 24 सितंबर तक चंटिये के बाद 25 से बालिकाओं का गरबे शुरू होंगे।

मां दुर्गा स्वरूपा भगवती का कन्या पूजन

एकीकृत शासकीय नित्यानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौंसवास में नवरात्र अन्तर्गत कन्या पूजन किया। शिक्षिका ललिता कदम ने विद्यालय की नौ कन्याओं पैर धोकर तिलक लगाया पूजन कर माता स्वरूप ओढनी पहनाकर प्रसादी ग्रहण करवाई। इस अवसर पर शिक्षिका सीमा चौहान, आशा शर्मा, रमा तिलवानी आदि उपस्थित रही। संचालन नूतन मजाबदिया ने किया। आभार बिना वर्मा ने माना।

शहर काजी का समाज के बुजुर्गों से आग्रह...

शहर काजी मोलवी सय्यद काजी अहमद अली ने समाज के बड़े बुजुर्गो से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों को गरबा आयोजनों में जाने से रोकें, क्योंकि हिन्दू समाज का बड़ा अहम नवरात्र पर्व चल रहा है, जिसमें गरबा आयोजन किया जाता हैं। कई बार ऐसा देखा गया है कि मुस्लिम लडके-लड़कियों के गरबा आयोजन में जाने से आयोजकों को आपत्ति होती है और दो समाजों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो आपसी भाइचारे पर बुरा असर डालती हैं।

चौड़ावास स्थित अम्बे माता की प्राचीन प्रतिमा।

यज्ञ में दी जा रहीं आहुतियां

गायत्री शक्तिपीठ सागोद धोलावाड़ रोड पर नवरात्र की शाम 7 बजे मां गायत्री का श्रृंगार कर आरती की जा रही है। इसके बाद गायत्री यज्ञ में मंत्र के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष आहुतियां दी जा रही है। ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक पंचोली, सचिव पियूष शर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, राजीव शर्मा, देवेन्द्र चौहान आदि ने सभी धर्म प्रेमियों से यज्ञ में आहुतियां देकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

खेत में गाय घुसने पर दो पक्षों के बीच मारपीट

रतलाम. औद्योगिक क्षेत्र में चाय की दुकान पर पास के खेत में गाय घुसने को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बड़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और दुकान में तोडफ़ोड़ हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया है।

एक पक्ष के नयागांव राजगढ निवासी रोहित पिता राजेंद्र चंद्रावत ने पुलिस को बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में चाय की दुकान चलाता है। जेवीएल मंदिर की जमीन को ईटावाखुर्द निवासी महेश पाटीदार ने लीज पर रखी हुई है। हमारी गाय दिन में करीबन 3 चरते हुए महेश की जमीन में सोयाबीन में चली गई। इस पर महेश गाय को पकडक़र ले जाने लगा। उसे रोका उसने और उसके भाई ने गाली गलौज कर दी। दुकान से डंडा उठाकर मारने लगा। धक्का-मुक्की में चाय का तपेला भाई कुलदीप व महेश पाटीदार के उपर गिर गया। इससे दोनों झुलस गए। कुलदीप को जिला अस्पताल ले गए वहां से मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया। दूसरे पक्ष के महेश पिता बाबूलाल पाटीदार निवासी ईटावाखुर्द ने पुलिस को बताया कि आरोपी राजेंद्र उर्फ राजू और दौलत पिता राजू ने गाय के सोयाबीन में चली जाने को लेकर विवाद किया और फिर मारपीट कर नुकसान पहुंचाया। औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

CLASSIFIED क्लासीफाइड

आवश्यकता
कम्प्यूटर कर्मी
✓ TELECOM 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लड़किया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाएं (21500- 48500) महीना (लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें : 9229432174

उपलब्ध है
फाइनेंस/लोन
✓ महिंद्रा फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, सभी लोन, सिविल खराब भी कॉल करे संपर्क :- 8708447982

TVS
दुगड़ TVS पर इत त्यौहार
Before 28% After 18%
GST बचत

Model	New Price (Ex-Showroom Price	Old Price (Ex-Showroom Price	Saving (Ex-Showroom Price
TVS Moped HD	43,900	47,754	3,854
Jupiter 110	74,700	81,311	6,611
Jupiter 125	82,400	89,746	7,346
Sport	58,300	63,433	5,133
Radeon	66,300	72,085	5,785
Raider 125	83,400	90,463	7,063
Ronin 225	1,24,790	1,35,990	11,200

T & C Apply

दुगड़ TVS Sales: 9425058530, Service: 9425058570, Spares: 9425058572
शोरूम: 6-ए, रतलाम कोठी, गीता भवन, इंदौर फो.: 0731-2517185, 2511319
ब्रांच: 6, रतन बाग कॉलोनी, विद्याधाम मंदिर के पास, एयरपोर्ट रोड, इंदौर मो.9617773937-38-39
वर्कशॉप: 99, जनशक्ति नगर, एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के पास, 60 फीट रोड, इंदौर मो.9617773941-42-43
HELP LINE: 9617773944, 9617773939, 9425058530, 7389352735, 9617773936
TVS CREDIT | HDFC BANK | L&T Finance | TATA CAPITAL | IDFC FIRST Bank | 4 DECADES OF SUCCESS

पाठकों को सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन (सामान्य/वैवाहिक) पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्चा करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार सम्बन्ध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/ सम्पूर्ण (वैवाहिकी हेतु स्टेट्स, उम्र एवं आय आदि) जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा जारी किए गए किसी भी प्रकार के वादे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

क्लासीफाइड विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करे - 9755378505 (समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक)

दशम आयुर्वेद दिवस मनाया

प्रीतमनगर. आयुर्वेद जन-जन के लिए,पृथ्वी के कल्याण के लिये थीम पर कार्ययोजना अनुसार गतिविधियों का आयोजन निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शासकीय आयुर्वेद औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रीतमनगर में किया। इस दौरान रोगियों की निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की एवं औषधीय पौधे दिए। शिविर में 137 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ नीतू कटारा ,सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ जित सिंह बामनिया, कंपाउंडर कैलाश गौदार, दवासाज राकेश निनामा, योग सहायक पिंकी परिहार, माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक नाहर सिंह डोंडवे आदि मौजूद रहे।

महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

रतलाम @ पत्रिका. इनरव्हील क्लब ऑफ सिल्वर, सेवा भारती की ओर से संचालित हाट की चौकी पर महिलाओं और बालिकाओं के लिए आत्म स्वावलंबन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष ज्योति चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण की निशी सक्सेना ने देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को सॉफ्ट टॉय बनाने के लिए प्रशिक्षित किया। सरोज जैन ने बताया कि सहयोग सचिव रंजना कौशल तथा मेम्बर निधि अग्रवाल ने किया।

ब्रह्मलीन संत के भंडारे में प्रसादी

सिखेड़ी. मालवा प्रांत के प्रसिद्ध संत मंगलदास महाराज, 14 अगस्त को ब्रह्मलीन हुए थे। उनकी स्मृति में अनुयायियों द्वारा गांव-गांव भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सिखेड़ी स्थित खेडापति हनुमान मंदिर प्रांगण में संकल पंच समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया। शुरुआत सुबह 8 बजे संत प्रहलाददास ने एक कुण्डीय हवन में पूर्णाहुतियां अर्पित कर की। बैंड-बाजों के साथ ब्रह्मलीन संत के छायाचित्र और संत प्रहलाद दास महाराज को बग्गी में विराजमान कर नगर शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा आरती के साथ सम्पन्न हुई। आसपास के गांवों से आए लगभग 5 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

बाजना में बाल हितैषी गांव बनाने का संकल्प

बाजना. बाजना ब्लॉक के माताजी क्षेत्र में बाल अधिकारों को नई दिशा देने का मार्ग प्रशस्त किया है। कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन की मासिक बैठक में 13 ग्राम पंचायतों के 30 प्रतिनिधियों और बाल स्वराज समूह के बच्चों ने मिलकर बाल हितैषी गांव बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक में विद्यालय और आंगनबाड़ी में पोषण वाटिका, गुणवत्तापूर्ण मिड-डे मील, शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था करने का संकल्प, गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए संतुलित पोषण थाली लागू करने का निर्णय, विद्यालय प्रबंधन समितियों को अधिक सक्रिय बनाकर बच्चों की उपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर देने का निर्णय लिया। बच्चों ने समूह चर्चा कर अपनी प्राथमिकताएं साझा की और आगामी 2 अक्टूबर की ग्रामसभा में बाल हित प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय लिया। साथ ही, बाल विवाह, बाल श्रम, हिंसा, तस्करी, कुपोषण और पलायन जैसी गंभीर चुनौतियों पर रोक लगाने हेतु योजनाएं तय की। बैठक में राजू, कैलाश डोडियार, लक्ष्मी, दरिया, होमली, ओकार भाई, लक्ष्मण, बाल स्वराज समूह से प्रकाश, राहुल, हिमांशु, दिनेश, शारदा, लक्ष्मी, पायल, हर्षिता, मधु सिंह उपस्थित रहे।

मां दुर्गा स्वरूप भगवती का कन्या पूजन किया

नामली. एकीकृत शासकीय नित्यानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोंसवास में नवरात्र पर कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। शिक्षक ललिता कदम ने विद्यालय की कक्षा 6टी की सारिका, पलक, गिरजा, रितिका, नव्व्या, तनुषा, रानू, अंजली, चित्रलेखा, पूनम, मधु, मुस्कान, दीक्षा आदि कन्याओं का पूजन किया। नौ कन्याओं को देवी मानकर पाव धोकर इनको तिलक लगाकर ओढ़नी पहनाई और प्रसादी चढ़ाई। इस अवसर पर कदम ने कहा कि भारत की हर कन्या देवी स्वरूप है। उनमें दुर्गा का रूप है तो उनमें माता पन्नाधाय का भी रूप है और समय आने पर रानी लक्ष्मीबाई का रूप है। सीमा चौहान ने कहा कि बिटिया महान है। आशा शर्मा ने कहा नवरात्रि आराधना का पर्व है। रमा तिलवानी, नूतन मजाबदिया, बिना वर्मा आदि मौजूद रहे।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से अपने लिए "सेंट्रल" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय, रतलाम
महू नीमच रोड, रतलाम

बीसी केन्द्र की निगरानी हेत बीसी पर्यवेक्षक की अनुबंध आधार पर आवश्यकता

बीसी पर्यवेक्षक - 4 पद (रतलाम-2 पद एवं मंदसौर-2 पद)

अ) युवा उम्मीदवारों के लिए योग्यता - स्नातक/स्नातकोत्तर सहित कम्प्युटर का ज्ञान (एमएस ऑफिस/एक्सेल, इंटरनेट ईमेल इत्यादि)। M.Sc. (IT BE (IT)/ MCA/MBA को प्राथमिकता (आयु सीमा - 21-45 साल)

ब) सेवानिवृत बैंक स्टाफ के लिए योग्यता - (PSL/RRB/Private Banks/ Co-operative Banks) से कम से कम स्केल-II, से सेवानिवृत्त अधिकारी अथवा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त लिपिक जिन्होंने JAIIB उत्तीर्ण किया हो।

(आयु सीमा - अधिकतम 64 साल)

मानदेय 12000/- प्रतिमाह - कार्यानुसार इन्सेंटिव - अधिकतम 8000/- + यात्राभत्ता - अधिकतम 3000/- + मोबाइल व्यय - अधिकतम 500/-

इस संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी, पात्रता, आवेदन पत्र आदि बैंक की वेबसाईट **www.centralbankofindia.co.in** पर देखी जा सकती हैं एवं डाउनलोड की जा सकती है। पूर्णतः भरे हुए आवेदन हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, रतलाम के निम्न पते पर डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि **06.10.2025** हैं।

प्राधिकृत अधिकारी
सेंट्रल बैंक आफ इंडिया
महू नीमच रोड, रतलाम